## डिजिटल इंडिया कंप्यूटर इंस्टीट्यूट में शिक्षण शुरू



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के शर्माटांड़ में डिजिटल इंडिया कंप्यूटर इंस्टिट्यूट का विधिवत पूजा अर्चना किया। प्रोपराइटर सिकंदर कुमार पंडित ने कहा कि अब क्षेत्र के युवाओं को कंप्यूटर के शिक्षा के लिए शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा। कम शुल्क में अच्छा कंप्यूटर शिक्षा दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि नामांकन भी प्रारंभ हो गया है। मौके पर मुखिया इरफान अंसारी, जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि देवनारायण यादव, मुखिया प्रतिनिधि सुरेश यादव, विशाल चंद्रा, वासुदेव यादव, सत्यम पंडित, सुनील राणा, खुशबू कुमार, खिरु पंडित, श्याम सुंदर यादव, नीतिश चंद्रा, उमेश यादव, संजीव कुमार दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## घायलों से मिलने पहुंचे पूर्व विधायक मनोज यादव



**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के करौंजिया गांव स्थित खबारो पुल के निकट गुरुवार को सड़क दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई। करौंजिया गांव के दो युवक निकेश कुमार (पिता महेश यादव) और सूरज कुमार (पिता बहादुर यादव) की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं चंदन कुमार (पिता सरयू कुशवाहा) व नितेश कुमार (पिता मुंशी यादव) गंभीर रूप घायल हो गये थे। इस घटना की सूचना मिलने पर कोडरमा सदर अस्पताल पहुंचकर पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने घायलों से मुलाकात की। उन्होंने बेहतर इलाज के लिए कोडरमा सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार से बात की। कोडरमा सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने पूर्व विधायक को भरोसा दिलाया कि बच्चों के इलाज में कोई कोताही नही बरती जायेगी। बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए हर संभव मदद किया जायेगा। मौके पर मुखिया रामदेव यादव, सामाजिक कार्यकर्ता बंटी मोदी, सिकंदर कुशवाहा, राजेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

## दादी प्रकाशमणि का 16वां पुण्य स्मृति दिवस मना



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** शुक्रवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी इश्वरीय विश्वविद्यालय सहाना रोड, कोडरमा शाखा के द्वारा डॉ दादी प्रकाशमणि जी का 16वीं पुण्य स्मृति दिवस विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में ब्रह्माकुमारीज संस्थान में मनाया। उपस्थित सभी गणमान्य लोग और संस्था के सदस्यों ने दादी जी के तस्वीर पर पुष्प अर्पण कर उनके सादगी और सच्चाई जैसे सद्गुणों का धारण करने का दृढ़ संकल्पित हुए। कोडरमा सेवा केंद्र की वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी अनिता बहन ने दादी जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। दादी जी को कई संत महात्माओं ने उपाधियों से नवाजा और कई राजकीय सम्मान से भी नवाजा गया। राजयोगी बीके संजय भाई ने सभी को राजयोग के द्वारा गहन शांति की अनुभूति कराया। मौके पर रंजन मोदी, अधिवक्ता विनोद, शिक्षक विनोद, व्यवसाय कृष्णा जी, बी के ललिता, बीके आरती, सावित्री देवी, रीना देवी, शेरा देवी, विमला देवी, डिम्पल, जानकी, ज्योति, रिंकी, सीमा देवी, कान्हा कुमार, अमित कुमार, सूरज कुमार, बेदामी, सरोज, शारदा, शांति, लीला, उषा, पार्वती कौशल्या, मंजू, फुलवा आदि ने दादी जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## जनता दरबार में डीसी ने समस्याओं का किया समाधान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** आमजनों के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्यायें सुनी और आश्वस्त किया कि संज्ञान में आये हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जायेगा। साथ ही जनता दरबार के दौरान कई लोगों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के अंदर अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करे, ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो।

## होली चाइल्ड स्कूल में छात्राओं ने राखी बनायी



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** बिशुनपुर रोड स्थित होली चाइल्ड स्कूल में शुक्रवार को सीसीए के तहत रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए छात्राओं ने रंग बिरंगे मनमोहक राखियां बनाई। इस अवसर पर कक्षा एलकेजी से नवम तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी खुशी तथा कला का प्रदर्शन किया। मौके पर स्कूल के निदेशक नवनीत ओझा ने राखियों और कार्ड्स का अवलोकन किया। नवनीत ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि होली चाइल्ड स्कूल पढ़ाई के अतिरिक्त बच्चों के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं और इसके लिए स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका ओझा व सभी शिक्षकगण बधाई के पात्र हैं। प्रिंसिपल प्रियंका ओझा व निदेशक नवनीत ओझा ने बच्चों को रक्षा बंधन की बधाई देते हुए भाई बहन की पवित्र रिश्तों को निभाने के साथ रक्षाबंधन पर्व के महत्त्व के बारे में बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल इंचार्ज शालिनी दाहिमा, शिक्षिका मुस्कान सिन्हा, पूजा कुमारी, सुचित्रा चंद्रवंशी, प्रीति सिंह, काजल कुमारी, मीनू कुमारी, साध्वी पांडे, गोपाल जी पांडे, आयुष चंद्रवंशी, मोहम्मद फैयाज, शिखा दुबे, काजल सिन्हा आदि शामिल हैं।

## स्कूल से तीन लाख मूल्य के कंप्यूटर सामान की चोरी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** ढाब थाना क्षेत्र के उत्क्रमित उच्च विधालय ढाब से कंप्यूटर सेट चोरी को लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने ढाब थाना मे आवेदन दिया गया है। आवेदन मे शिरोमणि पिता राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि उक्त विद्यालय का प्रभारी हैं। दिनांक 25 अगस्त को सुबह विद्यालय पहुंचा तो कुछ छात्रों द्वारा बताया गया कि कंप्यूटर लैब का ताला, कुंडी टूटा हुआ है। साथ ही ताला भी गायब है। लैब के अंदर जाकर देखा तो कंप्यूटर सेट सहित अन्य सामग्री नहीं है। सभी सामग्री का राशि 3 लाख है। साथ हीं बताया गया कि प्रोजेक्टर तथा साउंड बॉक्स को नुकसान पहुंचाया गया है।

## जुआ खेलते छह लोग गिरफ्तार, छह मोटरसाइकिल जब्त

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रायडीह मोड़ क्रेशर के पिछे डोमचांच इंस्पेक्टर अवधेश कुमार और थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खां ने गुरुवार देर रात को छापेमारी कर जुआ खेलते छह लोगो को पकड़ा है। बता दें कि जुआरियों की पहचान नेटलाल कुमार मेहता, बसंत मेहता, पप्पू यादव, लालेश कुमार मेहता, मनोज कुमार मेहता, सुमन कुमार के रूप मे हुई है। सूत्रों के माने तो सभी जुआड़ी डोमचांच थाना क्षेत्र के मसनोडीह, बेहराडीह, नावाडीह के खेमांडी, डोमचांच के कालीमंडा व चैनपुर के लोग शामिल हैं। मौके से 6 मोटरसाइकिल, 1 स्कूटी, नगद राशि 41214 रूपए, 7 मोबाइल बरामद किया गया है। छापेमारी दल मे एसआइ विनय कुमार, एएसआइ नीरज कुमार, दल - बल के साथ पुलिस जवान मौजूद थे।

### अगले साल शुरू हो जायेगा अडानी कोल ब्लॉक से कोयला उत्खनन

# प्रभावित परिवारों को कंपनी देगी पूरी सुविधा

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव में अदानी को मार्च 2021 में कोल ब्लाक मिला था। 2024 से कोल उत्खनन का काम शुरू हो जायेगा। इसे लेकर भूमि अधिग्रहण का काम भी शुरू हो चुका है। यह जानकारी अदानी के चीफ क्लस्टर अफरोज ने प्रेस मीट में कहा। बताया की अडानी को कोल ब्लाक के लिए बड़कागांव में गोंदलपुरा प्रोजेक्ट के लिए मार्च 2021 में लीज मिला था, लीज मिलते ही कंपनी भूमि अधिग्रहण के लिए लग गयी है। यह लीज कमर्शियल ऑप्शन के लिए सरकार से मिला है। कंपनी को 510 हेक्टेयर भूमि आवंटित हुआ है। कोल ब्लॉक के लिए गोंदलपूरा, गाली, बलोदर, आहे और फूलांग गांव की 510 हेक्टेयर भूमि मिली है। आवंटित 510 हेक्टेयर भूमि में 220 हेक्टेयर फॉरेस्ट लैंड, 270 हेक्टेयर रैयती की जमीन है। इसके अलावा 70 हेक्टेयर जीएम लैंड भी शामिल है। फॉरेस्ट क्लीयरेंस को लेकर भी काम शुरू हो चुका है। कंपनी 2021 में हजारीबाग के बड़का गांव में आयी है। यह लीज 30 वर्षो के लिए अडानी को मिला है। प्रत्येक वर्ष 40 लाख टन कोयला उत्पादन की संभावना है। प्रोडक्शन चालू होने पर 500 करोड़ राज्य सरकार को रेवेन्यू मिलेगा। इसके अलावा लगभग 781 परिवार को मुआवजा मिलेगा। कंपनी 2013 के पॉलिसी को फॉलो करेगी। जमीन का मुआवजा 24 लाख पर एकड़ मिलेगा। इसके अलावा प्रभावित परिवार को अगर चाहेंगे तो उन्हे कंपनी घर बना कर देगी, जहां स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल समेत अन्य सुविधा रहेंगी। कुल मिलाकर 781 परिवार विस्थापित होंगे। अगर पूरा विस्थापित देखा जाये तो 2000 परिवार स्थापित होने के आसार हैं। कंपनी का कहना है कि इस कॉल उत्खनन में लगभग 1500 लोगों को रोजगार से जोड़ा जायेगा, जिसमें 500 पर कंपनी का पूर्ण रूप से कंट्रोल रहेगा। उन्होंने स्पष्ट किया है कि स्थानीय लोगों को अधिक से अधिक रोजगार अडानी देने जा रही है। जिसका घर लिया जायेगा अगर वह 1 से 5 डेसिमल के बीच का है तो 5 डिसमिल का लाभ दिया जायेगा और जिनका जमीन 6 से 10 डेसिमल के बीच का है उन्हें 10 डिसमिल जमीन का मुआवजा दिया जायेगा।

आने वाले दिनों में रेलवे ट्रैक के जरिये कोयला का ट्रांसपोर्टेशन किया जायेगा। चीफ ऑफ क्लस्टर अफरोज ने बताया गोंदलपुरा खनन परियोजना के तहत अदाणी फॉउंडेशन बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गाव में शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए काम कर रहा है। सीएसआर के तहत दर्जनों स्वास्थ्य शिविर, 60 टीबी रोगियों को गोद लेना, निःशुल्क पौष्टिक भोजन उपलब्ध करना, हरली हाई स्कूल में छात्रों को विज्ञान विषय पढ़ाने के लिए दो शिक्षकों की नियुक्ति, निःशुल्क मॉनसून किट का वितरण समेत अन्य सुविधा दी जा रही है। ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी

## चमेली झरना से दो दिनों में तीन शव हुए बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** इचाक और पदमा थाना क्षेत्र के सिमाना पर स्थित चमेली झरना में दो दिनों के भीतर 3 शव मिले हैं। शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। शुक्रवार को 12 वर्षीय युवती का शव को इचाक पुलिस ने बरामद किया है। शुक्रवार करीब 10 बजे ग्रामीणों ने युवती के शव को चमेली झरना में तैरता हुआ देखा और इसकी सूचना इचाक और पदमा पुलिस को दिया। सूचना पाकर पदमा थाना प्रभारी शिवदयाल सिंह और इचाक थाना के एएसआइ पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटना का जायजा लिया और शव को पानी से निकालकर मुर्दा कल्याण समिति के सदस्यों के सहयोग से पोस्टमार्टम के लिए शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग भेजा गया। युवती ब्लू रंग का जींस और पीला रंग का टी शर्ट पहने हुए हैं। प्रशिक्षु आइपीएस सह इचाक थाना प्रभारी कुमार शिवाशीष से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि शव का पहचान नही हो पाया है। इससे पूर्व गुरुवार को भी उसी जगह से दो शव जिनमे एक युवक और एक युवती का शव मिला था। अभी तक गुमशुदगी का कोई आवेदन नही मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है मर्डर है या खुदखुशी। शवों के पहचान के लिए अखबार फोटो प्रकाशन किया जायेगा।

## डीएवी स्कूल के प्राचार्य सहित दर्जनों लोग हुए बोल बम के लिए रवाना



आजाद सिपाही संवाददाता

**जयनगर।** प्रखंड बेको पंचायत अंतर्गत ग्राम आल्हो से कांवरियों का एक जत्था सुल्तानगंज से बैधनाथ धाम देवघर और बासुकीनाथ के लिए रवाना हुआ। जिसका नेतृत्व डीएवी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजकुमार यादव कर रहे हैं। राजकुमार यादव ने कहा कि श्रावण के महीने में देवघर में जाकर जलाभिषेक करने से भगवान शंकर महाकाल भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस निमित्त दर्जनों कांवरिया बोल बम के लिए रवाना हुए। यादव ने बताया कि सबसे पहले कांवरिया लोगों ने हनुमान मंदिर, देवी मंदिर में आशीर्वाद लेते हुए सुल्तानगंज से बैजनाथ धाम देवघर और बासुकीनाथ के लिए रवाना हुए। रवाना होने वालों में मनोज यादव, अर्जुन यादव, सकलदेव यादव, सुभाष यादव, दिलीप यादव, संतोष यादव, छोटू छलिया सहित कई लोग आर्शीवाद लेते हुए सुल्तानगंज से बैधनाथ धाम देवघर और बासुकीनाथ के लिए रवाना हुए।

## प्रशिक्षु आइपीएस कुमार शिवाशीष डायन प्रथा, साइबर फ्रॉड समेत अन्य विषयों पर कर रहे लोगों को जागरूक

आजाद सिपाही संवाददाता



**इचाक।** पुराना इचाक पंचायत भवन और जगन्नाथ महतो इंटर महाविद्यालय उरुका में प्रशिक्षु आइपीएस कुमार शिवाशिष के नेतृत्व में एक जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें साइबर फ्रॉड, यातायात के नियम तथा सुरक्षा, ड्रग्स तथा डायन भूत जैसे कुप्रथा पर अपनी बात रखा। उन्होंने 11वीं तथा 12वीं के बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आपके नजदीक या जान पहचान का कोई भी व्यक्ति ड्रग्स का सेवन करता है तो आप पुलिस को सूचना दें, हम उसका इलाज करवायेंगे। आप पुलिस को अपना दोस्त समझें। आपको पुलिस से भयभीत होने की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आप अंडर एज हैं आप ड्राइविंग ना करें तथा अपने माता-पिता और भाई बहनों को हेलमेट का प्रयोग करने के लिए माध्यम बने। उन्होंने कहा कि आप मोबाइल चलाते हैं तो बिना जाने कोई भी ऐप को इंस्टॉल ना करें और साइबर फ्रॉड से बचें। डायन और भूत पर बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह न पहले था और न आगे होगा। बच्चों ने भी प्रशिक्षु आइपीएस से पूछा की यदि दारू अवैध है तो सरकार इसको बेचने पर बैन क्यों नहीं लगती। क्या शिक्षण संस्थान के समीप धूम्रपान तथा गुटखा जैसे पदार्थों का बेचना चाहिए आदि। कार्यक्रम में एसआइ धनंजय सिंह, समाजसेवी रविशंकर उर्फ भोला, महाविद्यालय के प्राचार्य बसंत कुमार, प्रो रामप्रकाश मेहता, प्रो राजेन्द्र यादव, प्रो प्रेमचंद कुमार पंत, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार मेहता, जयप्रकाश कुमार, सुरेन्द्र मिश्र, भुनेश्वर प्रसाद मेहता आदि उपस्थित थे।

# कैग रिपोर्ट के अनुसार एनडीए की सरकार में हो रहा है भ्रष्टाचार: ममता

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** कृष्ण वल्लभ आश्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन हुआ। प्रेस को संबोधित करते हुए रामगढ़ की पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा की कैग रिपोर्ट के अनुसार एनडीए की सरकार में भ्रष्टाचार हो रहा है। कैग ने पदार्फाश किया की मोदी सरकार के सात घोटाले का, प्रधानमंत्री मोदी की नाक के नीचे हो रही है। धांधली, भारतमाला प्रोजेक्ट की बिडिग प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा, बनाये गये लागत 100% बढ़ गई, द्वारिका एक्सप्रेस में भारी धांधली सड़क बनाने की कीमत 18 करोड़ प्रति किलोमीटर से 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर पहुंच गई, आयुष्मान भारत में मृत लोगों को जीवित दिखाकर भुगतान और एक ही नंबर से 7.5 लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का फर्जीवाड़ा, अयोध्या डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में ठेकेदारों के गल्ले में अनुचित लाभ पहुंचाने का घोटाला, टोल नियमों का उल्लंघन एनएचएआइ ने गलत तरीकों से यात्रियों से 132 करोड रुपए वसूले, हाल पर विमान इंजन की डिजाइन प्रोडक्शन में खामियों का गंभीर आरोप जिसमें 159 करोड रुपए का नुकसान हुआ, ग्रामीण विकास मंत्रालय में वृद्ध, विकलांग और विधवा पेंशन योजनाओं का पैसा अन्य योजनाओं के प्रचार में खर्च कर दिया। देश की संस्था है कैग जो सरकार के सारे खर्च का ऑडिट करती है यह संस्था भाजपा सरकार के नाक के नीचे हो रहे एक दो या तीन नही सात घोटालों को बेनकाब कर रही है। अब बस तुरंत मोदी जी उसे पर इडी की रेड करवा कर ताला लगवाये, अगर सीएजी का रिपोर्ट गलत है तो मोदी जी जेल भिजवा ही सकते है। क्योंकि जिस झूठी ईमानदार छवि का गला फाड़ फाड़ कर प्रधानमंत्री दम भरते हैं वह ध्वस्त हो चुकी है। मोदी सरकार में घोटाले ही घोटाले हैं, और यह अब पूरा सच देश के सामने आ रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य रूप से महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, बजरंग महतो, प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, अशोक देव, कृष्ण देव प्रसाद सिंह, उपेंद्र रॉय, दिलीप कुमार रवि, चंद्रशेखर आजाद, तस्लीम अंसारी, सुनील अग्रवाल, विजय कुमार सिंह, समेत कई लोग मौजूद थे।

## स्कूली विद्यार्थियों ने उपायुक्त को बांधी राखी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीसी कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को हजारीबाग स्थित नमन विद्या स्कूल के छात्र-छात्राओं ने उपायुक्त हजारीबाग नैन्सी सहाय को राखी बांध कर मुंह मीठा किया। इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित छात्र छात्राओं को रक्षा बंधन की शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने ने कहा कि विद्यार्थी पढ़-लिखकर शिक्षा के क्षेत्र में उन्नति करे और सामाजिक बदलाव व विकास का सशक्त माध्यम बने। मौके पर उपस्थित प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी सुलोचना मीना तथा कार्यपालक दंडाधिकारी अदिति गुप्ता को भी विद्यार्थियों ने राखी बांध कर मुंह मीठा किया।

## ब्लॉक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** ब्लॉक कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस संबंध में बताया गया कि राजस्व उप निरीक्षक कुलदीप कुमार सिंह का स्थानांतरण होने पर समारोह का आयोजन कर विदाई दी गयी। समारोह को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोंगारी ने कहा कि सेवा काल के दौरान कुलदीप कुमार सिंह का कार्यकाल बेहतर रहा। इनके कुशल व्यवहार से हम सब प्रभावित है पर नौकरी में स्थानांतरण एक प्रक्रिया है। जो हम सभी लोग इसके दायरे में आते है। उन्हें उपहार भेंट किया गया। समारोह का संचालन उपेंद्र सिंह ने किया। मौके पर सीआई जितेंद्र कुमार सिंह, प्रधान सहायक धर्मेंद्र कुमार, राजेश कुमार, आरिफ अंसारी, मुकेश कुमार यादव, मनीष कुमार, लोकेश कुमार वर्मा, सागर कुमार, द्वारिका रजवार आदि उपस्थित थे।

## ओबीसी मोर्चा ने बीपी मंडल की जयंती मनायी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला कमिटी के द्वारा हजारीबाग जूलू पार्क स्थित मेहता विकास भवन में मंडल कमिशन के प्रणेता बीपी मंडल की जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी, प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता, जिला अध्यक्ष बिरजू प्रसाद मेहता जिला महासचिव ओम श्री मेहता, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजु गुप्ता सुमन, जिला उपाध्यक्ष कविता कुमारी, जिला संगठन मंत्री देवकी मेहता, ढोठवा के पूर्व मुखिया राजकुमार यादव, सुरेश कुमार साव, पूर्व मुखिया अनुप वर्मा समेत अन्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा हजारीबाग जिला कमिटी के द्वारा आयोजित जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की माध्यम से लोगों से अपील की गयी कि सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कर सम्मेलन को सफल बनायें।

## झारखंड को सुखाड़ग्रस्त घोषित करे राज्य सरकार: पवन साहू



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू का आगमन हजारीबाग में हुआ डुमरी विधानसभा उपचुनाव में जाने के कर्म में हजारीबाग पहुंचने पर संत कोलंबा कॉलेज के पास किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई वर्मा ने पुष्प गुच्छा और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि राज्य में सूखे की आहट को देखते हुए निम्नलिखित बिंदुओं पर ध्यान आकृष्ट कराने के संबंध में पूरे राज्य को अकाल क्षेत्र घोषित किया जाये। प्रति एकड़ 10000 मुआवजा के रूप में किसानों को दिया जाये इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश के साथ कार्यालय मंत्री सुरेंद्र नाथ, रामगढ़ जिला अध्यक्ष सनी कुमार, संतोष साहू किसान मोर्चा दक्षिणी छोटा नागपुर प्रमंडल प्रभारी और अन्य लोग उपस्थित थे।

## टाटीझरिया प्रखंड को चारों तरफ से घेर रखा है 30 हाथियों के झुंड ने



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** हाथियों का झुंड प्रखंड के चारों और उत्पात मचाते हुए पुन नारायणपुर जंगल पहुंच गया है। दस दिन पुर्व इसी जंगल में 10 हाथियों का झुंड ने झरपो निवासी रामेश्वर ठाकुर को मार दिया था जिसके बाद वन विभाग के टीम ने खदेडते हुए प्रखंड क्षेत्र से बाहर कर दिया था। अब हाथियों का दो झुंड मिलाकर 29 की संख्या हो गया है। बेरहो, धरमपुर, डुमर के बाद गुरूवार रात को हाथियों के झुंड ने नारायणपुर में जमकर उत्पात मचाया है। दर्जनों किसानों का मक्का को बर्बाद कर दिया है। नारायणपुर निवासी गुडिया देवी पति दशरथ कुमार के दरवाजा तोड कर घर में बने तुलसी पिंडा को तोड दिया, बर्तन को बर्बाद कर घर में रखे अनाज को बर्बाद किया साथ ही गैस चुल्हा को तोड़ दिया। कमली देवी का दरवाजा और खिडकी तोड चावल को नष्ट कर दिया। कलावती देवी का दरवाजा तोड दिया। इसके अलावा सोबरन महतो, देवकी महतो, तेजो महतो, झमन महतो, नेमा महतो, रामेश्वर महतो, छोटन कुमार, शंकर प्रसाद, महेश प्रसाद, रूपलाल महतो, मुनिचंद प्रसाद, जालो महतो, दशरथ महतो, सुनील कुमार, कौलेश्वर महतो, बालेश्वर महतो, सिकेंद्र प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद, जुगल महतो, भुखन महतो का बारी में लगे मक्का को बर्बाद कर दिया। ग्रामिण गुरूवार रात भर जाग कर बिताया है और हाथियों को गांव में प्रवेश नहीं करने दिया। वन अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद ने वन विभाग से टीम बुलाकर जल्द दुसरे स्थान तक पहुंचाने का मांग किया है ताकि पहले की घटना का पुनरावृति ना हो। समाचार लिखे जाने तक लगभग 30 हाथियों का झुंड नारायणपुर- सिमराढ़ाव मुख्य मार्ग पर देखा गया है।

## बबलू राय और एक अन्य को 7-7 साल सश्रम कारावास की सजा

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के जयनगर थाना कांड संख्या 08/21 के अभियुक्त संजय कुमार उर्फ बबलू राय और जितेंद्र कुमार सिंह के मामले की सुनवाई के पश्चात अपर जिला और सत्र न्यायाधीश तृतीय तरुण कुमार की अदालत ने अंडर सेक्शन 25(1ए)/35 और आर्म्स एक्ट एक्ट के तहत दोषी पाते हुए अभियुक्तों को 7-7- साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 10 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि नहीं दिये जाने पर आरोपीयों को 1-1 वर्ष अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। वहीं सेक्शन 26(2)/ 35 आर्म्स एक्ट के तहत दोषी पाते हुए 7-7 साल सश्रम कारावास व 10 हजार जुर्माना लगाया गया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 1 वर्ष अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। जयनगर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान को गुप्त सूचना मिली थी कि बबलू राय और एक अन्य व्यक्ति हथियार के साथ किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थाना क्षेत्र के अंतर्गत घूम रहा है। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान दल-वल के साथ बाझेडीह फोरलेन की तरफ कुछ दूरी जाने पर चौक के पास एक स्कूटी पर दो लोग सवार मिले उसमें एक बबलू राय था। पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने दौड़ा कर दोनों को पकड़ा और तलाशी लेने पर बबलू राय के पैकेट में से एक देसी पिस्टल एवं जितेंद्र कुमार सिंह के पास से एक 315 बोर का जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि सुरेश साव की हत्या करने के इरादे से वह लोग घूम रहा है। मामले में अभियोजन का संचालन लोक अभियोजक पीपी पीके मंडल ने किया। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता संजय पांडे ने दलीलें पेश की।

## रामगढ़ में कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा

# भाजपा सरकार में सिर्फ अमीरों और पूंजीपतियों का हो रहा है विकास

**विकास का शंख फूकने वाली मोदी सरकार कर रही घोटाला : शिल्पी तिर्की**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** कैग की रिपोर्ट पर कांग्रेस ने इस बार भाजपा सरकार को घेरा है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इशारे पर घोटाले करने जैसा गंभीर आरोप भी लगाया है। कैग की रिपोर्ट के आधार पर रामगढ़ में कांग्रेस की दिग्गज नेता और मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। शुक्रवार को रामगढ़ पहुंची तो मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ना खायेंगे ना खाने देंगे की बात कर रही थी। लेकिन जब सच्चाई सामने आई तो पता चला कि वह खा भी रहे हैं और अपने अमीर दोस्तों को खिला भी रहे हैं।

**ट्राइबल सब प्लान में भी अनियमितता:** शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि टी बोर्ड ऑफ इंडिया को ट्राइबल सब प्लान के लिए बजट आवंटन निर्धारित करना है। जिसे केंद्रीय मंत्रालय से अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए धन दिया जाना चाहिए। नीति आयोग अनुसूचित जाति उप योजना के लिए 8.3 प्रतिशत धनराशि का अनिवार्य आवंटन प्रदान करता है। जिसमें केवल 3 प्रतिशत इस उद्देश्य के लिए निर्देशित किया गया था। अनुसूचित जनजाति उपयोजना का आवंटन निधि का 4.3 प्रतिशत आवंटन होना चाहिए था। लेकिन केवल दो प्रतिशत किया गया। कैग की रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि एक लाभार्थी के खाते में 1.55 करोड रुपये पड़े थे। लेकिन उसके कंपनी अस्तित्व में ही नहीं थी।

**टोल प्लाजा में भी हुआ है घोटाला:** ऐसे ही घोटाले टोल प्लाजा पर भी किया गया है। केंद्र सरकार अपने किसी चाहते को लाभ पहुंचाने के लिए निर्माणाधीन सड़क पर ही टोल प्लाजा का संचालन शुरू करवा देती है। ऐसे पांच टोल प्लाजा से 132 करोड रुपए की राशि वसूली गयी। सबसे बड़ी बात का खुलासा कैग ने द्वारका एक्सप्रेसवे को लेकर किया है। जब इस सड़क के निर्माण के लिए बजट तैयार किया गया था तो 18 करोड़ प्रति किलोमीटर की रकम तय की गयी थी। लेकिन आज यह रकम 250 करोड़ प्रति किलोमीटर हो गई है। किसी भी योजना में 90 प्रतिशत इंक्रीमेंट किसी ने भी नहीं देखा है। केंद्र सरकार आम नागरिकों के पैसे अपने अमीर दोस्तों के बीच लूट रही है और लोगों को बेवकूफ बना रही है।

**घोटाले के मुद्दे पर बाबूलाल के मुंह बंद :** जितने बिंदु पर कैग ने रिपोर्ट सौंपा है इसका सीधा-सीधा असर झारखंड पर भी पड़ा है। लेकिन इन सब बातों पर बाबूलाल मरांडी जैसे नेताओं की चुप्पी यह बता रही है कि उन्हें सिर्फ कुर्सी का लालच है। जनता से उन्हें कोई मतलब नहीं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूर्व विधायक ममता देवी, बजरंग महतो, जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, संजय साह आदि कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### आयुष्मान भारत योजना में बड़ी गड़बड़ी

शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत योजना का खुलासा कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया ने ऐसा किया है जिसे देखकर आंखें फट गई। उस रिपोर्ट के अनुसार डेटाबेस में मृतक के रूप में दर्ज 3446 रोगियों के इलाज के लिए 6.97 करोड रुपये आवंटित कर दिये गये। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत एक ही मोबाइल नंबर पर कई लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया। 7.49 लाख लोगों को एक ही मोबाइल नंबर 9999999999 पर पंजीकृत कर दिया गया। ऐसा ही दो और नंबर भी जांच रिपोर्ट में दर्शाया गया है। अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति कार्यक्रम में भी भारी गड़बड़ी, 53 प्रतिशत संस्थान फर्जी शिल्पी नेहा तिर्की ने बताया कि इसी प्रकार कई राज्यों में अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत 53 प्रतिशत संस्थान फर्जी पाये गये हैं। जिन्हें पिछले 5 वर्षों में 144.83 करोड रुपये दिये गये हैं। यह सारे संस्थान अस्तित्व में ही नहीं पाये गये हैं। अटल पेंशन योजना में आम नागरिकों द्वारा जमा की गयी राशि का उपयोग मोदी सरकार ने अपने प्रचार प्रसार में लगा दिया। 2017 और 2021 के बीच केंद्र के सामाजिक सहायता योजना के 2103 लाभार्थियों को उनके मृत्यु के बाद पेंशन दी गयी। आखिर यह सारा पैसा कहां गया इसका पता लगाना जरूरी है।

## महेंद्र गंझू हमला मामले का खुलासा, एक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** पुलिस ने महेंद्र गंझू गोली कांड का खुलासा कर दिया है। इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार ने सदर थाना में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर घटना की जानकारी देते हुए बताया कि सदर थाना क्षेत्र के राजगुरवा गांव के महेंद्र गंझू गोली कांड का आरोपी गणेश गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार कर चतरा जेल भेज दिया। गणेश गंझू के पास से गोली कांड में उपयोग में लाया गया देसी कट्टा तथा घायल के शरीर से निकाला गया गोली बुलेट को भी बरामद कर लिया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार युवक अपना अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि अवैध हथियार के छेड़छाड़ करने के क्रम में फायर हो गया और महेंद्र गंझू को पैर में गोली लग गयी। जबकि घायल युवक महेंद्र गंझू का कहना है कि गणेश गंझू ने उसे गोली मारी है। घटना की जानकारी देते हुए एसडीपीओ ने बताया कि पिछले 21 अगस्त को पुलिस को सदर थाना क्षेत्र के राजगुरूवा गांव में एक युवक को गोली लगने की घटना की जानकारी मिली थी। जिसके बाद सदर थाना प्रभारी मनोहर करमाली ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग सदर अस्पताल भेज दिया गया। सदर अस्पताल हजारीबाग में ही घायल युवक ने पुलिस को बताया कि उसी गांव का गणेश गंझू ने उसे गोली मारा है। इसके बाद सदर थाना में मामला दर्ज कर इस गोली कांड का उद्वेदन करते हुए आरोपी गणेश गंझू को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के निशानदेही पर गांव में ही हथियार बरामद किया गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि इस कांड का अनुसंधान जारी है कुछ चौंकाने वाले तथ्य मिलने की भी संभावना है।

## हंटरगंज में 29 को निकाली जायेगी रैली



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** देवरी- डुमरी फील्ड फायरिंग रेंज के प्रस्ताव के प्रतिरोध में पैनी गांव में बैठक आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया बाबुनंद पासवान ने किया। बैठक में विभिन्न गांवों के लोग शामिल हुए सभी ने प्रस्ताव के विरोध में आंदोलन करने का संकल्प लिया। पंचायत के सभी गांव के ग्रामीणों, बुद्धिजीवियों राजनीतिज्ञों और समाजसेवियों ने कहा कि आगामी 29 अगस्त को हंटरगंज में विशाल रैली में हजारों की संख्या में शामिल होंगे। निर्धारित समय पर प्रतापपुर मोड़ देवी मंडप से अंचल कार्यालय तक पैदल मार्च निकालेंगे। इस कार्यक्रम में सभी लोगों को शामिल होने का आग्रह किया गया। साथ ही साथ ग्रामीणों के द्वारा फिल्ड फायरिंग रेंज वापस लेने को लेकर जमकर नारेबाजी किया गया। इस बैठक में मुखिया के अलावे पंचायत समिति विनोद पासवान, प्रमोद यादव, टुन यादव, यदुनंदन यादव, उमेश यादव सहित काफी संख्या में लोग शामिल थें।

## सर्पदंश पीड़िता को अस्पताल भिजवाया

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेयी के निर्देश पर प्रखंड कार्यालय पीएलवी सरयु यादव और कुमार विवेक रंजन गुरुवार की रात सर्प दंश से एक बच्ची को हंटरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराने में सहयोग किया। परंतु स्वास्थ्य केंद्र में सर्प दंश के इलाज की व्यवस्था नहीं रहने के कारण गया मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। इसके अलावा शुक्रवार को भी एक महिला को सर्प काट लिया। जिसे ग्रामीणों द्वारा झाड़ फुक कराया जा रहा था। पीड़िता के परिजनो को समझा बुझाकर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल गया भेजने में सहयोग किया गया।

## मजदूरों का संडे कटने नहीं देंगे: राजू यादव



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल मजदूरों की संडे कटौती को लेकर शुक्रवार को बिरसा परियोजना के कैंटीन घर में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ने की बैठक। अध्यक्षता बिरसा शाखा अध्यक्ष कंचन मांझी ने किया। बैठक में राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव उपस्थित हुए। यूनियन के पदाधिकारी और बिरसा परियोजना शाखा के सदस्यगण मौजूद थे। मजदूरों की संडे कटौती को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वहीं यूनियन के सभी पदाधिकारी और सदस्यों ने कहा कि किसी भी हालत में संडे कटौती नहीं होने देंगे। मौके पर राजू यादव ने सीसीएल प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूरों का हक अधिकार दिला कर रहेंगे। संडे नही कटने देंगे। बरका सयाल श्रेत्र में बिरसा परियोजना कोयला का अधिक उत्पादन करता है। संडे कटौती को लेकर मजदूरों को एकजुट होना होगा। इसके लिए हम सभी सीसीएल प्रबंधन के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से सीताराम किस्कू, महादेव बेसरा, चरका करमाली, डॉ जी आर भगत, लालो महतो, विश्वनाथ मांझी, महेश गिरि, संजय कुमार यादव, बाल्मिकी यादव, अमीर चंद राम, विश्वनाथ शर्मा, विष्णु देव राम, मोती बेदिया, मुकेश मांझी, अरुण, लखन करमाली, दिलीप महतो, लखन, बबलू सोरेन, आशा मुर्मू, संजय पासी, अजय कुमार, मालती देवी, द्वारिका सिंह सहित यूनियन के लोग मौजूद थे।

## हाथियों ने एक महिला को मार डाला

**गोला (आजाद सिपाही)।** वन क्षेत्र के साडम पंचायत अंतर्गत पथल गढ़ा गांव में शुक्रवार की अहले सुबह को हाथियों ने एक वृद्ध महिला को बड़े ही बेरहमी से पटक पटक कर मार डाला। मृतक की पहचान इसी गांव निवासी रमणी देवी उम्र 60 वर्ष पति स्व जांगलू प्रजापति के रूप में की गयी। घटना के बाद घटना स्थल में लोगों की भीड़ उमड़ गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। घटना के संबंध में बताया गया कि रमणी देवी शुक्रवार की अहले सुबह को सौच के लिए पास के जंगल की तरफ जा रही थी। रात होने के कारण हाथियों को वो नही देख सकी। हाथियों के झुंड में शामिल एक हाथी उसे उठा के फेक दिया। उसके बाद अन्य हथियों ने उसे पटक-पटक कर मौत के घाट उतार दिया। जिससे उसकी मौत घटना स्थल में ही हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद हाथी पास के जंगल मे चले गये। ग्रामीण ज्ञानी महतो ने बताया कि हाथी पिछले एक सप्ताह से पास के जंगल में डेरा डाले हुए है। जिससे लोगों में दहशत व्याप्त है। लोग डर के साये में जीने को मजबूत है। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची ओर शव को कब्जे में कर लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल रामगढ़ भेज दिया गया है। इधर घटना के बाद ग्रामीण काफी आक्रोश में है। ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग की लापरवाही से लोगों की जान जा रही है। वह कर्मी कोई ठोस पहल नहीं कर रहे है।

## डीसी चंदन कुमार ने टूटी झरना मंदिर व रेफरल अस्पताल का किया निरीक्षण

# जिला बस स्टैंड निर्माण को लेकर स्थल चयन का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुजू।** रामगढ़ डीसी चंदन कुमार शुक्रवार को अधिकारियों संग क्षेत्र के प्राचीन शिव मन्दिर टूटी झरना मंदिर, रेफरल अस्पताल का निरीक्षण किया। साथ ही, जिला बस स्टैंड निर्माण को लेकर स्थल चयन का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में डीसी चंदन कुमार सर्वप्रथम प्राचीन शिव मंदिर टूटी झरना मंदिर परिसर पहुंचे। जहां मंदिर के गर्भगृह में पुजारी उमेश पांडेय ने डीसी चंदन कुमार का भगवान शिव का विधिवत पूजार्चना कराने के बाद मंदिर का इतिहास, प्रांगण की देखभाल व मंदिर न्यास कमिटी से जुड़ी जानकारियां ली। साथ ही, प्रांगण में होने वाले शादी समारोह में मिलने वाले शुल्क संबंधित खर्च की जानकारी ली। मौके पर मौजूद एसडीओ मो जावेद हुसैन से टूटी झरना मन्दिर को विकसित कर बेहतर पर्यटक स्थल बनाने, होने वाले शादी के लिए फिक्स शुल्क लागू करने, मंदिर न्यास समिति को एक्टिव व बैंक में अपना अकाउंट हो, आठ एकड़ में फैले प्राचीन टूटी झरना मंदिर परिसर का चहारदिवारी व मुख्य द्वार पर आर्कषक तोरणद्वार निर्माण कराने का निर्देश दिया। वही, टूटी झरना मंदिर संवेदक रामावतार महतो से परिसर की साफ-सफाई के अलावे मंदिर को सुव्यवस्थित ढंग से चलाने का दिशा-निर्देश दिया। इधर, पास स्थित श्मशान घाट के संबंध में डीसी ने कहा कि मंदिर परिसर का चहारदिवारी के अंदर होने पर श्मशान घाट तक रास्ता दिया जायेगा। वही, फुटपाथ व्यवसायियों द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरयुक्त दिये गये आवेदन के आलोक में मंदिर न्यास समिति व प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख मे कतारबद तरीके से फुटपाथ दुकानों को वैकल्पिक तौर पर टेंट लगाकर दुकानदारों के लिए दुकान उपलब्ध कराये व उनसे निर्धारित तय भाड़ा को लें। तत्पश्चात डीसी ने पास स्थित जिले का एक मात्र रेफरल अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओपीडी रजिस्टर, मरीजों की संख्या, बायोमेट्रिक से होने वाले हाजिरी और चिकित्सकों की हाजिरी की जांच की। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अस्पताल में रात के वक्त डॉक्टरो व दवाइयां की कमी, चहारदिवारी को ऊंचा करने, समतलीकरण कर साफ-सफाई कराने की बात कही। जिस पर डीसी ने मौजूद बीडीओ सुधीर प्रकाश से चहारदिवारी ऊंचा करने व अस्पताल में उगे झाड़ियों का साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया। वही, अस्पताल के महिला चिकित्सक ने भी अस्पताल से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। डीसी ने रेफरल अस्पताल को आयुष्मान भारत हेल्थ योजना से टैग करने की बात कही। कहा कि आयुष्मान भारत का टैग होने से अस्पताल में किल्लत दवाइयां की मांग आयुष्मान भारत से पूरी हो जायेगा और गरीबों को मदद मिल सकेगा। इधर, तूफानी दौरे के क्रम में यात्रियों के बेहतर यातायात के लिए बाइपास सड़क के किनारे बनाये जाने वाले जिला बस स्टैंड निर्माण को लेकर बोंगाबार, दिगवार व पैंकी फोरलेन पर स्थल चयन का जायजा लिया। साथ ही, यात्रियों के लिए जो जगह बेहतर हो उसका डिटेल दस्तावेज उपलब्ध कराने की बात कही, ताकि उस पर कार्य किया जा सके। मौके पर सीओ जयकुमार राम, बीडीओ सुधीर प्रकाश, सीआई सुरेश वर्णवाल, अमीन बैजनाथ विश्कर्मा, राजस्व कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद, सहायक कर्मचारी राजेंद्र कुमार, नप प्रबंधक करण साहू, आजसू नेता जयकिशोर महतो, रवि कुमार शामिल रहे।

## भुरकुंडा में धूमधाम से मना सावन महोत्सव



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** सीसीएल कॉलोनी पटेलनगर भुरकुंडा स्थित श्री प्राचीन राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर में स्थानीय महिलाओं ने गुरुवार की शाम धूमधाम से सावन महोत्सव मनाया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में महिलाएं हर्षो उल्लास के हरियाली का प्रतीक सावन माह पर हरे रंग के पोशाक और श्रृंगार से सज-धजकर कार्यक्रम में शामिल हुईं। सर्वप्रथम महिलाओं ने राधा-कृष्ण का श्रृंगार पूजन कर ठाकुर जी को भोग अर्पित किया। तत्पश्चात तीन घंटे भजन कीर्तन किया गया। महाआरती के बाद सभी लोगो ने रास लीला, गरबा नृत्य किया और एक दूसरे से गले मिलकर सावन की बधाईयां दी। इस बीच सभी महिलाओं को मंदिर महिला समिति द्वारा श्रृंगार के समान उपहार स्वरूप भेंट किये गये। अंत में प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में शामिल पटेलनगर पंचायत की मुखिया गुलाब देवी को महिला मंदिर समिति ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर गुलाब देवी ने कहा की भुरकुंडा में सार्वजनिक रूप से इकलौता श्री राधा-कृष्ण ठाकुरबाड़ी मंदिर हमारे पंचायत में है जो हमसबों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि इसके विकास के लिय हम सभी को मिलकर आगे आना चाहिए। इस तरह के कार्यक्रम से महिलाओं में एक नई उमंग व उर्जा का संचार तो होता ही है यह हमें अपनी संस्कृति से जोड़े रहने का भी एहसास दिलाता है। उन्होंने कहा की मै हर संभव मंदिर के विकास के लिय हर सार्थक कदम उठाउंगी। कार्यकम को सफल बनाने में पटेल नगर श्री राधा कृष्ण ठाकुरबाड़ी महिला समिति का विशेष योगदान रहा।

## अवैध खनन परिवहन और भंडारण को लेकर डीएमओ ने की कार्रवाई

# अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जाते वाहन को पकड़ा

**अवैध खनन, भंडारण और परिवहन बर्दाश्त नहीं, संलिप्तों को चिहिंत कर होगी कार्रवाईः नितेश**

**डीएमओ ने नामजद वाहन चालक, मालिक, क्रशर संचालक और संलिप्त लोगों पर थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** अवैध खनन भंडारण और परिवहन के रोकथाम को लेकर जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता के द्वारा कार्रवाई करते हुए रामगढ़ थाना क्षेत्र के कोठार पुल के समीप से गुरूवार की शाम अवैध रूप से पत्थर चिप्स ले जाते वाहन को पकड़ा और 200 सीएफटी समेत वाहन को जब्त करते हुए नामजद वाहन चालक, मालिक और क्रशर मालिक समेत सभी अज्ञात संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी। इस दौरान डीएमओ के द्वारा अवैध खनन में संलिप्त लोगों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

**ऐसे हुई कार्रवाई**

जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता द्वारा गुरूवार की शाम 6 बजे कोठार पुल के समीप वाहन संख्या जेएच 024 8318 पर पत्थर चिप्स ले जाते देखा वाहन को रूकवा कर चालक से कागजात की मांग की गयी, लेकिन चालक बुधन महतो के द्वारा चलान नहीं दिखाया गया। वाहन चालक के द्वारा बताया गया कि पत्थर चिप्स चुटुपालु स्थित क्रशर से लाया गया है और क्रशर का मालिक अरविंद सिंह पिता सतेन्द्र सिंह का है। जिस पर डीएमओ द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन समेत वाहन में लादे गये 200 सीएफटी पत्थर चिप्स को जब्त कर थाना को सुपूर्द करते हुए वाहन चालक, मालिक, क्रशर मालिक और संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी। साथ ही अविलंब सभी संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वही, जिला खनन पदाधिकारी नितेश कुमार गुप्ता ने कहा है कि अवैध खनन भंडारण और परिवहन बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर उन पर सीधी कार्रवाई की जायेगी।

## मुखिया पिंकी खातून की हृदय गति रुक जाने से हुई मौत



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू प्रखंड के शाह कालोनी पंचायत के मुखिया पिंकी खातून का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वहीं मुखिया पिंकी खातून के निधन होने से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मुखिया के निधन के खबर मिलते ही बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, क्षेत्र के दर्जनों मुखिया, जनप्रतिनिधि और सैकड़ों गणमान्य लोग उनके शाह कालोनी स्थित आवास पर पहुंचे। साथ ही उनके पति सोनी खान सहित उनके पूरे परिवार के पास अपार दुःख प्रकट करते हुए सांत्वना दी। बताया जाता है कि मुखिया पिंकी खातून कुछ दिनों से बीमार थी। साथ ही वह अपना इलाज रांची के मेडिका में इलाजरत थी। जहां पर इलाज के दौरान ही उनका हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। वह अपने पीछे बारह वर्षीय पुत्री पलक, छह वर्षीय पुत्र आयान सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। इधर मुखिया पिंकी खातून की जनाजे की नमाज में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इसके बाद पीटीपीएस मस्जिद कॉलोनी कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। मौके पर मुखिया निधि सिंह, नूतन सिंह, गिरजेश कुमार, श्यामली महाता, प्रीति झा, किशोर कुमार महतो, पूर्व मुखिया वीरेंद्र झा, राहुल रंजन, राजू कुमार, दिलीप कुमार, वारिस खान, एम रहमान, बैजनाथ राय, ऋषि राज भंडारी, महेंद्र महतो, विजय राय, धर्मेंद्र सिंह, गणेश ठाकुर, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल, मोहम्मद सलीम, जयप्रकाश सिंह, अजीत कुमार, आजसू के वरिष्ठ नेता नित्यानंद कुमार, चंदन कुमार सहित सैकड़ो गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पोस्ट मास्टर नहीं आते हैं, बंद है हामी डाकघर



महुआडांड (आजाद सिपाही)। हामी स्थित डाकघर शाखा में पदस्थापित शाखा पोस्ट मास्टर अमन कुमार के नहीं आने से महीनों से हामी स्थित डाकघर शाखा बंद पड़ा हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हामी ग्राम के दिलीप कुमार, शाखा ग्वाला, गुलशन कुस्मा, कुलदीप बड़ाईक, सुन्दर शाह बड़ाईक, सुनील नगेसिया, बिसमत कुम्हार, अजय बड़ाईक, इंद्रमुनी नगेसिया, ललिता देवी, फुलो नगेसिया आदि ग्रामीणो ने बताया कि पोस्ट ऑफिस लगभग एक- दो माह से बंद है। शाखा पोस्ट मास्टर कौन है हम कभी देखे भी नही है और न ही पहचानते हैं। स्थानीय डाकघर शाखा बंद रहने के कारण हमे काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। हमे महुआडांड प्रखंड मुख्यालय स्थित मुख्य डाकघर में जाकर पोस्ट ऑफिस से संबंधित कार्य करना पड़ रहा है। इस संबंध में डाक अधिदर्शक सेंट्रल डिविजन मुकेश कुमार मिश्रा से बात कि गयी तो उन्होने बताया कि हमे जानकारी नही है। जांच की जायेगी यदि वो गलत पाये जाते हैं तो नियमानुसार कारवाई की जायेगी। वही इस संबंध मे संपर्क नही हो पाने के कारण शाखा पोस्ट मास्टर अमन कुमार से बात नही हो पायी है।

## लेदगाई की डॉ किरण को मिली 51 शक्तिपीठ की पहली महिला महामंडलेश्वर की उपाधि



बरवाडीह(आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखण्ड के उकामाड पंचायत क्षेत्र अंतर्गत लेदगाई निवासी डॉ किरण त्रिपाठी को पटना में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 51 शक्तिपीठ महा मिशन की ओर से 51 शक्तिपीठ धाम महामंदिर के प्रथम महिला महामंडलेश्वर की उपाधि से सम्मानित किया गया। जहां इस दौरान डॉक्टर किरण त्रिपाठी को कार्यकारिणी की पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा उपाधि से विभूषित करते हुए मनोनयन पत्र देने और सम्मानित करने का काम किया गया। डॉ त्रिपाठी को मिली उपलब्धि पर उन्होंने यह बताया कि उनके द्वारा लंबे समय से बिहार और झारखंड में कार्य किया जा रहा है। जहां उन्हें यह उपाधि मिलना उनके जीवन के लिए सबसे बड़े गौरव की बात है। उन्होंने अभी कहा कि यह सम्मान मेरे जन्मस्थली बरवाडीह के साथ-साथ झारखंड बिहार और पूरे देश के महिला सशक्तिकरण के सम्मान में भी है। वहीं दूसरी और डॉक्टर त्रिपाठी को मिली इस उपलब्धि पर मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह के साथ-साथ प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र की जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, पूर्वी क्षेत्र के जिला परिषद कन्हाई सिंह सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद मनरेगा सांसद प्रतिनिधि दिलीप सिंह यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह महामंत्री मनोज प्रसाद प्रदीप सिंह कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद राजद अध्यक्ष आदित्य यादव प्रज्ञा प्रियम, समाज सेवी मनोज गुप्ता, राजदीप रिक्की, अजित कुमार समेत काफी संख्या में लोगों ने बधाई दी है ।

## पंचायत स्वयंसेवक संघ करेगा सीएम आवास का घेराव: शंकर



महुआडांड़(आजाद सिपाही)। राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ के द्वारा झारखंड सरकार के समक्ष अपनी मांगों को लेकर लगातार अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है वही प्रदर्शन कार्यक्रम के बीच आगामी 26 अगस्त को पूरे राज्य के स्वयंसेवक संघ के द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आवास के घेराव करने की घोषणा की गयी है जिसकी जानकारी स्वयं सेवक संघ के महुआडांड़ प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव ने दी। मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम को लेकर बैठक करते हुए शंकर यादव ने बताया कि राज्य सरकार से नाराज चल रहे स्वयंसेवक संघ के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेंगे। बैठक में स्वयंसेवक संघ के अध्यक्ष शंकर यादव, संगीता गिद्ध, राजमणि नगेसिया, गुलशन परवीन, अशोक सिंह समुदवार, सुभाष नगेसिया, राजू कुमार गुप्ता, रविंद्र प्रसाद, शमीम अंसारी समेत प्रखंड के सभी पंचायत के स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## विद्यालय जमीन बचाव समिति का पुनर्गठन, रवि डे बने अध्यक्ष



चंदवा(आजाद सिपाही)। चंदवा शुक्रवार को विद्यालय बचाव समिति का चंदवा के अभिभावक और गणमान्य लोगों की बैठक हाई स्कूल प्रांगण मे आहूत की गयी। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी रामयश पाठक ने की। बैठक में सर्वसम्मति से पुराने विद्यालय जमीन बचाव समिति को रद्द करने का निर्णय लिया गया। आगामी कार्यक्रम तय करने समेत कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गयी। वही 8 अगस्त को विद्यालय का स्थापना दिवस मानने का निर्णय भी लिया गया और समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से रवि कुमार डे को अध्यक्ष, प्रमोद साहु और मो. अलाउद्दीन को उपाध्यक्ष, विजय कुमार साव (प्रभारी प्राचार्य) को सचिव और सुजीत कुमार को उप सचिव चुना गया। इसके साथ ही कार्यकारिणी सदस्य में नितेश कुमार, रसीद मियां, योगेंद्र भगत, रामप्रसाद नायक, वीणा देवी, फूलजेंसिया बेक, सुनीता देवी, मनबहाल सिंह, रंजीत गंझु, पचु लोहरा और कृष्णा सिंह को चुना गया।

## अवैध शराब को लेकर उत्पाद विभाग ने चलाया छापामारी अभियान



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 अगस्त शुक्रवार को कैरो प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ठिकानो पर अवैध शराब निर्माण को लेकर उत्पाद और मद्यनिषेध विभाग के अवर निरीक्षक राजकुमार महतो के अगुवाई में चलाया गया छापामारी अभियान। तत्पश्चात एस आई महतो और उनके टीम के द्वारा कैरो उतका स्थित अनुगत्ति प्रदत कंपोजिट शराब दुकान के स्टाक और विक्री पंजी का भी निरीक्षण किया गया। मौके पर विभाग के हवलदार राजेंद्र सिंह, धनेश्वर प्रसाद, आरक्षी अनिल गोराई, राजीव साहू, अर्जुन पूर्ति, महिला आरक्षी प्रफुल्लित एक्का, पिंकी कच्छप अवैध शराब निर्माण छापामारी अभियान मे उपस्थित थे।

## खेल शारीरिक और मानसिक विकास के साथ रोजगार पाने का भी अवसर प्रदान करता है : ऐनुल अंसारी



कुडू(आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के ककरगढ़ पंचायत स्थित दुसिमानी मैदान में चैलेंजर फुटबॉल क्लब के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ आज कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद उप प्रमुख सह जेएमएम नेता ऐनुल अंसारी बड़े ऊर्फ सलीम अंसारी संजर अंसारी हलीम अंसारी गुड्डू खान संजू तूरी के द्वारा संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फुटबॉल को किक मार कर किया गया आज का उद्घाटन मैच, चापा टोली फुटबॉल क्लब, बनाम, गजनी फुटबॉल क्लब, के बीच खेला गया। मौके सलीम अंसारी संजर अंसारी सहजाद अंसारी संजू तूरी हलीम अंसारी गुड्डू खान आयोजन समिति के अध्यक्ष पंकज उरांव सचिव मनोहर उरांव कोषाधाय अतहर अंसारी मुख्य संरक्षक हलीम, समसाद, तल्हा अंसारी, इंतियाज, बबलू खान इकबाल आदि काफी संख्या लोग उपस्थित थे।

## नेतरहाट में महिला की कुल्हाड़ी से गर्दन काट कर की गयी हत्या

महुआडांड। नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रचांग बदूवाटोली गांव में गुरुवार की रात एक महिला की धारदार हथियार (टांगी) से गर्दन काटकर हत्या कर दी गयी, जिसका शव उसके घर से कुछ दूर पीछे मकई टांड में नेतरहाट पुलिस को मिला। थाना प्रभारी नेतरहाट बंधन भगत के साथ मुखिया रामबिशुन नगेसिया पुलिस दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. मकई टांड में पड़े शव कि शिनाख्त गांव के ही रनकी देवी ( 45 ) पति सुखचरण किसान के रूप में कि गयी।

# चंदवा में घर के बाहर खड़े युवक को गोलियों से उड़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**चंदवा।** लातेहार जिले के चंदवा थाना अंतर्गत जमुवारी गांव में प्रदुमन यादव नामक एक युवक की गुरुवार की रात अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार प्रदुमन यादव पिता संहगु यादव अपने घर से बाहर खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था। उस वक्त हमलावरों ने उसे सर में गोली मार दी। सर में गोली लगने की वजह से प्रदुमन ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर कुडू और चंदवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी पूनम देवी ने बताया कि उसका पति सीधा साधा व्यक्ति था और अपना टेम्पो चलाता था। वन विभाग का वृक्षारोपण का भी काम करता था। घटना की रात 9: 30 बजे घर के बाहर अपने मोबाइल से किसी से बात कर रहा था तभी पैदल आये दो लोगो ने गोली मार दी और भाग गये। पत्नी ने प्रदुमन की किसी से कोई रंजिश या विवाद नही होने की बात बताई है। मृतक का एक आठ वर्ष का बेटा और चार वर्ष की एक बेटी है। फिलहाल हमलावरों का कोई सुराग नहीं मिला है। पुलिस तमाम पहलुओं पर तफ्तीश कर रही है।

# किस्को क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से हैं वंचित, विकास के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति

आजाद सिपाही संवाददाता



**किस्को/लोहरदगा।** आजादी के अमृत महोत्सव का 77वां वर्षगांठ पूरी कर चुकी है और पूरे विश्व में भारत देश दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में विकसित हुई है। वर्तमान समय में हमारा भारत देश दुनिया भर में अपना लोहा मनवाने का कार्य कर दिखाया है लेकिन आजादी के 77 साल बीत जाने के बाद भी देश की जनता आज भी पूर्ण रूप से मूलभूत सुविधाएं बहाल होने की राह तक रहे हैं। यहां पर आपको बता दें कि झारखंड के लोहरदगा जिला अंतर्गत किस्को प्रखंड क्षेत्र की जनता बदलते माडल भारत में भी पूरी तरह विकास योजनाओं से आच्छादित नहीं हो पाये हैं। इसका जमीनी हकीकत प्रखंड क्षेत्र की सड़कें और पानी बिजली जैसी मूलभूत समस्याये खुद की बदनसीबी बयां कर रही है। आपको बता दें कि लोहरदगा लोकसभा और विधान सभा क्षेत्र से जीते हुए सांसद और विधायक केंद्र और राज्य सरकार में अपनी पैठ मजबूती के साथ रखते रहे हैं फिर भी क्षेत्र का विकास नहीं हो पाना लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। बात करेंगे किस्को से पाखर मुख्य सड़क का तो आये दिन उक्त सड़क से आवागमन करने वाले पठारी क्षेत्र के लोगों को अपनी जान जोखिम में डालकर प्रखंड और जिला मुख्यालय किसी तरह आवागमन करना मजबूरी बन गया है। यहां पर नारी धुर्वा मोड़ चौक से पाखर होते हुए सांगोडीह तक 16 किलोमीटर कालीकरण पथ निर्माण कार्य हेतु विगत कई साल पूर्व में ही टेंडर हुआ था जिसमें योजना को जिंदा रखने के उद्देश्य से संवेदक के द्वारा थोड़ी बहुत कार्य कराया भी गया था, लेकिन उक्त सड़क का निर्माण कार्य बंद हो जाने से क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। उल्लेखनीय है कि वर्तमान परिवेश में किस्को प्रखंड क्षेत्र के खरकी बाला टोली, कोचा, हुआहार, सेमरडीह, डटमा, बानपुर, भूषाढ़ , लावागाईं, बगडू, तिसिया कांशीटांड़, तिसिया अंबा टोली सहित अन्य क्षेत्रों में सड़क निर्माण कार्य हेतु इन सभी सड़कों को खोदकर संबंधित सड़क के संवेदक द्वारा अधर में लटका दिया गया है। अब यहां पर लोग आजादी के बाद भी क्षेत्र का समुचित विकास नहीं हो पाने से खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि प्रखंड क्षेत्र के देवदरिया पंचायत अंतर्गत टंगचोखवा समेत अन्य गांव के लोग आज भी मूलभूत समस्याओं को लेकर संघर्ष करते आ रहे हैं बावजूद इसका सुखद परिणाम नहीं मिल पा रहा है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि इस क्षेत्र के भोले भाले जनता को कब तक सड़कों की सबसे बड़ी चुनौती से निजात मिल पाता है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही नल-जल योजना: सांसद प्रतिनिधि

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी के गृह पंचायत लात में जल नल योजना के तहत संबंधित संवेदक द्वारा भारी अनियमिता बरते जाने का मामला प्रकाश में आया है। ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी और सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने लात पंचायत के दर्जनों गांव का दौरा कर जल नल योजना में बरती जा रही अनियमिता को उजागर किया है। बता दें कि सुनील सिंह, भुनेश्वर सिंह, लालू यादव, सतीश प्रसाद,अशोक यादव समेत अन्य ग्रामीणों की शिकायत पर प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी लात पंचायत के हरहे ग्राम के गांवाटोला में किये गये बोरिंग की जांच किया। जिसमें ग्रामीणों ने बताया कि 200 फीट बोरिंग करने की जगह मात्र 70 फीट बोरिंग किया गया। जबकि जलमीनार लगाने हेतु बनाये गये संरचना में निम्न स्तर की सामग्रियों का उपयोग करते हुए घटिया स्तर का पलिंथ बनाया गया। जो बनने के साथ कई जगह से दरार पड़ गया है। इसी तरह कजरहट्वा टोला में भी 200 फीट की जगह मात्र 90 फीट बोरिंग किया गया है। जांच में प्रमुख को ग्रामीणों ने बताया कि बोरिंग मशीन रात के अंधेरे में बिना ग्रामीणों की उपस्थिति में कम बोरिंग कर चला जा रहा है। यही नहीं संवेदक की अनुपस्थिति में जल मीनार में निम्न स्तर का सामग्री लगाकर काम किया जा रहा है। ग्रामीणों के विरोध पर ग्रामीणों को ही उल्टा डराया धमकाया जा रहा है।प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद ने जिले उपायुक्त समेत चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह का ध्यान इस ओर आकर्षित करवाते हुए उचित कदम उठाते हुए कार्रवाई की मांग किया।

## दुर्घटना में आइआरबी जवान घायल



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका थाना क्षेत्र के बूढ़ाखैर के पास सड़क दुर्घटना में आईआरबी के जवान घायल हो गया। घायल जवान की पहचान सुनील सिंह चेयाकी निवासी के रूप में हुआ। घायल जवान सुनील सिंह ने बताया कि चंदवा ड्यूटी से छुट्टी लेकर अपने घर चेयाकी जा रहे थे विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात ट्रक धक्का मार दिया। घटक सूचना पाते ही मनिका थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर घायल जवान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा कर प्राथमिक उपचार करवाया। मौके पर एएसआई मिश्रा मांझी समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

## पूर्व विधायक ने किया फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



मनिका (लातेहार) (आजाद सिपाही)। मनिका प्रखंड के देवबार फुटबॉल मैदान में शुक्रवार को वीर भगत सिंह फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सह भाजपा जिला अध्यक्ष हरिकृष्ण सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और फीता काटकर किया। मैच उद्घाटन के दौरान खिलाड़ियों और अतिथियों के हाथ में तिरंगा झंडा लहराता दिखा। मौके पर पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि वीर भगत सिंह फुटबॉल टूनार्मेंट शहीद भगत सिंह के याद में हर वर्ष इस देवबार के मैदान में आयोजित किया जाता है यहां के कमेटी के लोग धन्यवाद के पात्र हैं। चंद्रयान 3 चांद तक पहुंच गया है। देश का मान सम्मान बढ़ रहा है। मौके पर शिक्षक सह समाजसेवी गुमानी सिंह, ग्राम प्रधान बालेश्वर सिंह, विकास कुमार, नीतीश भारती समेत कई लोग उपस्थित थे।

## फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ, 32 टीमें भाग लेंगी



किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरकी के दशरा टोली फुटबॉल मैदान में आयोजित शहीद वीर बुधू भगत फुटबॉल प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य रूप से आगाज किया गया। इधर प्रतियोगिता के पहले दिन आदिवासी छेछरा नवाडीह बनाम जय चाला कुर्से के बीच पहला मुकाबला हुआ जिसमें कुरसे की टीम अपने निकटतम प्रतिद्वंदी छेछरा नवाडीह की टीम को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। बता दें कि पहले दिन कुल 16 टीमों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रस्तुत किया। मौके पर समिति के अध्यक्ष बहादुर कच्छप, सचिव सनातन बेक, उपाध्यक्ष अर्जुन कच्छप, कोषाध्यक्ष दिलीप कुजूर, रमेश कच्छप, विनीत कुजूर, सिकंदर गोप, सहित दशरा टोली के ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

# सुखदेव भगत ने मोदी सरकार पर लगाये गंभीर आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाये हैं। सुखदेव भगत ने कैग रिपोर्ट का हवाला देकर कहा कि एनडीए की सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार को कांग्रेस कमिटी उजागर करने का कार्य कर रही है। कहा कि भ्रष्टाचार का यार मोदी सरकार है। उन्होंने कहा कि भारत माला प्रोजेक्ट के तहत 34 हजार 800 किलोमीटर सड़क निर्माण हेतु 5 लाख 35 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी सीसीईए के द्वारा दिया गया था जिसकी अध्यक्षता खुद पीएम नरेंद्र मोदी ने किया था लेकिन इसे धत्ता बताते हुए सड़क की लंबाई 26 हजार 316 किलोमीटर कर दिया गया जबकि इसकी राशि भी बढ़ाकर 8 लाख 46 हजार 5 सौ 88 करोड़ कर दी गयी। साथ ही द्वारिका एक्सप्रेसवे जिसकी लागत 18 करोड़ रुपये प्रति किलोमीटर थी जिसे बढ़ाकर 250 करोड़ प्रति किलोमीटर कर दी गयी। इसमें 1400 प्रतिशत की बृद्धि की गयी है। उन्होंने टॉल लूट, आयुष्मान भारत योजना में हुए घोटाले को लेकर भी सवाल खड़ा किया। इन सवालों के जरिये उन्होंने मोदी सरकार के क्रियाकलापो पर सवाल खड़ा किया है। साथ ही इन घोटालों की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सूखैर भगत, नेसार अहमद, सकील अहमद, शाहिद अहमद बेलू, कुणाल अभिषेक, एनामुल अंसारी, आजाद खान, हाजी सिकंदर, हाजी शकील अहमद, बीरमत भगत आदि मौजूद थे।

## सोनमदुलारी को मिला सीआरपी अवार्ड



सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। समग्र ग्रामीण विकास योजना के तहत कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक और बायफ संस्था के द्वारा विगत लगभग डेढ़ साल से सेन्हा प्रखंड के 4 पंचायत भड़गाँव, अलौदी मुकीतीड़ार और बुटी में विकास का कार्य किया जा रहा है। वही भड़गांव पंचायत अंतर्गत कुंदगड़ी गांव निवासी सोनमदुलारी उरांव संस्था की ओर से सीआरपी के पद पर काम कर रही है। जिसे कार्य को गुणवत्तापूर्ण और हर काम को ससमय सफलता पूर्वक पूर्ण किया जाता रहा है। जिससे इनके द्वारा किया जा रहा। उत्साहपूर्वक कार्य कुशलता को देखते हुए संस्था द्वारा इनका नाम सीआरपी अवार्ड के लिए बायफ संस्था का मुख्यालय पुणे भेजा गया था। जहाँ पर पुरस्कार के लिये इनका चयन पूरे भारत में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ था। जिसे बायफ संस्था का स्थापना दिवस के अवसर पर इनको पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वही इस संदर्भ में बायफ संस्था के पंकज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया सोनमदुलारी को पुरस्कार मिलने से सेन्हा, लोहरदगा ही नही पूरे झारखंड का नाम रोशन हुआ है। संस्था के लोगो ने इन्हें बधाई देते हुए इनका उज्ज्वल भविष्य के लिये कामना किया है।

## दस वर्षों से फरार उग्रवादी गिरफ्तार



हेरहंज-(लातेहार) (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के पूर्व वांक्षित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ता में शामिल बुधराम सिंह खरवार उर्फ बुटन सिंह पिता रामेश्वर सिंह ग्राम साँसग थाना हेरहंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी शुभम कुमार ने बताया कि बुधराम सिंह नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के दस्ता में शामिल हो गया था। यह लगभग दस वर्षों से फरार चल रहा था। एक माह पहले पुलिस द्वारा इसके घर में इश्तहार चिपकाया गया था। इसके बाद भी वह आत्मसमर्पण नही कर रहा था। पुलिस प्रशासन के द्वारा विशेष अभियान चला कर उसके घर साँसग से गुरुवार की रात्रि में गिरफ्तार किया था। इसके विरुद्ध हेरहंज थाना में कांड संख्या 18/13 धारा 147,48,49,302,201 भादवि 3/4 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 17 सीएलएक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जिसे गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया गया।

## लोहरदगा रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर युवक की मौत

लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा रेलवे स्टेशन में ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के नदिया करचा टोली निवासी स्वर्गीय बुधवा उरांव के पुत्र दिलीप उरांव (40 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि लोहरदगा रेलवे स्टेशन परिसर में प्लेटफार्म संख्या एक पर लोहरदगा से रांची जाने वाली यात्री रेल गाड़ी संख्या चार गुजर रही थी। तभी आरपीएफ पोस्ट के ठीक सामने एक युवक अचानक से रेलवे ट्रैक पर लेट गया। इस दौरान वहां से रेल गुजरी। जिससे युवक का सिर धड़ से अलग हो गया। युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। हालांकि घटना की सूचना मिलने के बाद युवक के स्वजन मौके पर पहुंचे और दिलीप उरांव के रूप में उसकी पहचान की। रेलवे पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर घटना के पीछे के कारणों की तलाश कर रही है।

## ऑनलाइन एफआइआर की सुविधा देने की मांग पूरी



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड के खुरा पंचायत निवासी शशिकांत रंजन ने पत्राचार करके दो माह पूर्व पुलिस महानिदेशक झारखंड सरकार से बरवाडीह थाना में ऑनलाइन एफआईआर की सुविधा देने की मांग की थी। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को हस्ताक्षर युक्त पत्र भेजकर शशिकांत रंजन ने कहा था कि लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड अनुमंडलीय पुलिस मुख्यालय हैं। जिसमे एक और डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत सभी थानों में ऑनलाइन एफआईआर पोर्टल सिस्टम लागू है। जिससे शिक्षित वर्ग के लोग बिना थाना में पहुंचे अपनी शिकायत (प्राथमिकी) दर्ज कर सकते हैं। यही नहीं डिजिटल इंडिया कार्यक्रम को बढ़ावा मिल सके। जिसके बाद गुरुवार को बरवाडीह थाना को भी शामिल कर लिया गया। जिसे लेकर शशिकांत रंजन से डीजीपी का आभार व्यक्त किया है।

## भूख मुक्त पंचायत बनाने को जागरूकता रैली निकाली गयी




बारियात (आजाद सिपाही)। संपूर्ण ग्राम विकास केंद्र पलामू के तत्वाधान मे नागरिक सहायता केंद्र के कर्मीयों ने भूख मुक्त पंचायत बनाने को लेकर जागरूकता रैली निकाली। नागरिक सहायता केंद्र के श्रवण उरांव, रामशंकर रविदास ने शिबला पंचायत के भाटचतरा, झलकीटोला सहित अन्य गली मुहल्ले मे साईकिल रैली निकाल कर और दिवार लेखन कर भूख मुक्त पंचायत बनाने और राशन कार्ड, मनरेगा योजना को लेकर जागरूक किया गया। वहीं उपस्थित ग्रामीणो को बताया की मनरेगा योजना के तहत जिनको जॉब कार्ड है उन्हें सौ दिन की रोजगार की गारंटी है। किसी भी प्रकार के जॉब कार्ड, राशन और पेंशन से संबंधित समस्या हो वैसे लोग आवेदन के लिए नागरिक सहायता केंद्र का सहयोग लें और हर संभव मदद की जायेगी।

## बिजली चोरी मामले में विभाग ने छह नामजद के विरुद्ध करायी प्राथमिकी

सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)। बदला पंचायत के विभिन्न गांव में बिजली विभाग द्वारा बिजली चोरी को लेकर सघन छापेमारी अभियान चला कर 6 नामजद के विरुद्ध कराया प्राथमिकी दर्ज। सेन्हा थाना क्षेत्र के बदला पंचायत के विभिन्न गाँवो में दंडधिकारी और पुलिस बल के मौजूदगी में बिजली विभाग द्वारा बदला, डूमर टोली, टंगरा टोली और बक्सीडीपा में विधुत ऊर्जा चोरी मामला में विभाग के राजस्व क्षति को लेकर सहायक विद्युत अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में गठित छपेमारी टीम द्वारा बदला पंचायत क्षेत्र में भ्रमण कर विधुत ऊर्जा चोरी के मामले में सघन छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान बदला निवासी सत्यम कुमार पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया का जुर्माना लगाया गया जबकि डूमर टोली निवासी सुरेश उराँव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया, डूमर टोली निवासी जगरनाथ उराँव पर 11 हजार 3 सौ 40 रुपया टंगरा टोली निवासी रेणु देवी पर 18 हजार 3 सौ 96 रुपया बक्सीडीपा निवासी दुर्गा लोहरा पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया तथा विशेश्वर लाल श्रीवास्तव पर 22 हजार 9 सौ 95 रुपया का जुर्माना लगाते हुए सहायक विधुत अभियंता ने छः नामजद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया। छापेमारी अभियान में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह दंडाधिकारी मनोज कुमार सिंह, सारणी पुरुष, सुबोध कुमार सिन्हा, फिरोज अख्तर, मानव दिवस कर्मी शिवशंकर उराँव, भोला साहू, अमित कुमार सहित सेन्हा थाना के सअनि बिरेंद्र बाखला दलबल के साथ शामिल थे।

## आपूर्ति पदाधिकारी ने प्रखंड के पीडीएस दुकानदारों के साथ बैठक कर दिये कई निर्देश



कैरो (लोहरदगा) (आजाद सिपाही)। प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 25 अगस्त शुक्रवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार मे प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव ने प्रखंड के जन-वितरण प्रणाली दुकानदारों के साथ किया बैठक दिये वितरण वयवस्था से संबंधित आवश्यक निर्देश। एमओ उराँव ने बैठक मे सभी दुकानदारों से कहा कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना सोना-सोबरन साड़ी धोती योजना के तहत सभी कार्डधारियों के बीच शत-प्रतिशत साड़ी, धोती और लुंगी का वितरण सुनिश्चित किया जाय। मौके पर बैठक में लखन उराँव, मनींद्र शाह, दीपक साहू, नसीर आलम, सुरेंद्र साहू, खुर्शीद इत्यादि जन वितरण प्रणाली दूकानदार बैठक मे उपस्थित थे।

## महिला को ब्लैकमेल करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**सिसई।** अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर एक महिला को ब्लैकमेल करने के आरोप में बिहार के रोहतास निवासी संजीत कुमार (33) को सिसई पुलिस ने रोहतास स्थित उसके घर से गिरफ्तार कर शुक्रवार को गुमला जेल भेज दिया। इस बावत केस के आईओ एस आई भवेश कुमार ने बताया कि संजीत कुमार के विरुद्ध सिसई थाना क्षेत्र के एक महिला ने अश्लील वीडियो वायरल कर देने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए सात जुलाई को मुकदमा दर्ज कराई थी। कांड दर्ज के बाद संजीत फरार चल रहा था। रोहतास पुलिस के सहयोग से 23 अगस्त की रात्रि को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। अंतर्राज्यीय मामला होने के कारण बिहार में कानूनी प्रक्रिया पूरी कर 24 अगस्त को सिसई थाना लाया गया, जहां से पूछताछ कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# सरकार कार्डधारियों की थाली में परोस रही है नमक के साथ बालू

आजाद सिपाही संवाददाता








**गुमला।** झारखंड सरकार के द्वारा संचालित जन वितरण प्रणाली के दुकानों में इन दिनों सरकार द्वारा दी जाने वाली बंद पैकेट नामक में बालू एवं शीशा का चूर्ण मिलाकर गरीबों की थाली में परोसी जा रही है। जिस बात की जानकारी होने के बाद पूरे प्रखंड में हड़कंप मच गया है। घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद बीडीओ छंदा भट्टाचार्य के द्वारा तत्काल नमक मंगा कर इसकी जांच की गयी। तो सचमुच नमक में बालू और शीशा चूर्ण मिला। जिसे देख अधिकारियों के भी बेहोश उड़ गये। मामला को उजागर घाघरा पंचायत के जोरी निवासी हरेंद्र साहू द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें जन वितरण प्रणाली के दुकान से पैकेट बंद आयोडीन नमक 3 पैकेट मिला था। जिसे वह खाने में प्रयोग करने लगे। उन्होंने बताया कि जब भी वे खाना खाते थे तो खान के साथ में उन्हें बालू कंकड़ मिलता था तो उन्हें लगा कि चावल में शायद कंकड़ होगा जिसके बाद में चावल को ठीक से बनवा कर खाना खाये फिर भी उन्हें कंकड़ मिला तब उन्हें लगा कि शायद दाल में होगा उन्होंने दाल को भी ठीक से बनाने की बात कही इसके बावजूद भी खाने में उसे कंकड़ मिल ही रहा था तब वह एक दिन दुकान से आशीर्वाद आटा खरीद कर लाया। और उस आटा में नमक मिला कर रोटी बनाया गया। तो उसमें भी उसे कंकड़ मिलने लगा जिससे उसे आभास हो गया कि शायद नमक में ही कंकड़ मिला हुआ है। जिसके बाद वह गिलास में नमक घोलकर देखा तो नमक घूमने के बाद गिलास के निचले परत में बालू एवं शीशा का चूर्ण मिल गया। जिसके बाद उन्होंने इस बात की जानकारी आस-पास के लोगों को दी और ग्रामीणों के द्वारा इसकी जानकारी मीडिया कर्मियों को दी गयी मीडिया कर्मियों के सामने नया पैकेट खोलकर पुनः नमक को घोला गया तो उसमे भी बालू एवं शीशा का चूर्ण निकाला। इधर ग्रामीणों के द्वारा झारखंड सरकार से पूछा गया कि सरकार हम लोगों को नमक के साथ बालू एवं शीशा का चूर्ण मिलाकर जान मारना चाहती है क्या। इसके बाद स्थानिक पत्रकारों के द्वारा बीडीओ छंदा भट्टाचार्य से इस संबंध में पूछा गया तो बीडीओ के द्वारा नया पैकेट मंगा कर अपने कार्यालय में घोल कर जांच किया गया। जहां उन्होंने भी देखा कि नमक के साथ में शीशा एवं बालू का चूर्ण मिला हुआ है। मामले की सत्यता को देखते हुए तत्काल बीडीओ ने जिला पूर्ति अधिकारी पूनम को मामले की जानकारी दी और बीडीओ के द्वारा तत्काल सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को नमक वितरण करने पर रोक लगा दिया गया। साथ ही ग्रामीणों से अपील किया गया कि वह झारखंड सरकार द्वारा दी जाने वाली नमक का सेवन न करें। उन्होंने बताया कि आगे जांच के लिए नमक को लैब में भेजा जा रहा है।

### गरीबों के पेट में बालू भरने का काम कर रही है सरकार : समीर उरांव

झारखंड सरकार के द्वारा आपूर्ति किये जा रहे आयोडीन युक्त झारखंड नामक में बालू एवं कांच का चूर्ण मिलने के बाद राज्यसभा सांसद सह भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव ने सरकार के ऊपर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार शुरूआती दौर से ही लूट एवं भ्रष्टाचार में संलिप्त है राज्य में लोगों को शिक्षा स्वास्थ्य एवं रोजगार मुहैया नहीं कर रही है बल्कि अमानवीय कार्य करते हुए उनके थाली में आयोडीन नमक के नाम पर बालू एवं कांच का चूर्ण परोस कर उन्हें मारने की काम कर रही है यह सरकार राज्य के तमाम खनिज संपदा से आने वाले राजस्व अपने पेट में भर रही है और गरीब जनता के पेट में बालू एवं कांच का चूर्ण भरने का काम कर रही है। जो किसी भी सूरत में राज्य की जनता के हित में नहीं है।

## पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ आज करेगा मुख्यमंत्री आवास घेराव



**सिसई।** राज्य स्तरीय पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ द्वारा आयोजित पांच सूत्री मांग को लेकर 26 अगस्त को मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में प्रखंड के सभी 38 स्वयं सेवक भाग लेने के लिए शनिवार को साढ़े सात बजे रांची जायेंगे। इसकी जानकारी प्रखंड संघ के सचिव इफ्तेखार अहमद ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आवास घेराव की सभी तैयारी पूरी कर ली गयी है। उन्होंने सभी स्वयं सेवकों को समय पर प्रखंड कार्यालय के समीप पहुंचने का निर्देश दिया है। इफ्तेखार अहमद ने कहा कि पिछले सात साल से स्वयं सेवक आवास, राशनकार्ड सत्यापन, जाति आवासीय सरकार आपके द्वार सहित कई तरह के विकास योजनाओं में सहभागिता निभाते आ रहा है। किंतु मानदेय के जगह सिर्फ आवास में न्यूनतम से भी न्यूनतम प्रोत्शाहन राशि दिया जाता है, जिससे जीविकोपार्जन नहीं हो सकती है। पूरे राज्य के स्वयंसेवक स्थायीकरण और मानदेय सहित पांच सूत्री मांग को लेकर सरकार से अनेकों बार गुहार लगा चुके हैं। परंतु सरकार स्वयंसेवकों की मांग पर कोई रुचि नहीं दिखा रही है। मजबूरन आंदोलन की राह अपनाना पड़ रहा है।

## चैनपुर में 100 गोवंशीय पशु जब्त



**चैनपुर।** चैनपुर थाना अंतर्गत टोंगो सेमला बरटोली गांव के पास से पुलिस ने गुरुवार की देर रात लगभग एक बजे तस्करी कर ले जा रहे 100 से अधिक गोवंशीय पशु को जब्त किया। चैनपुर पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पशु तस्करों द्वारा टोंगो के रास्ते गोवंश पशुओं को क्रूरता पूर्वक मारते-पीटते खदेरते हुए तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई आलोक कुमार सशस्त्र बल के जवानों के साथ छापेमारी करने पहुंचे। वही शेमला बरटोली गांव के समीप पुलिस वाहन को आता देख गौ तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहे। चैनपुर सर्किल इंस्पेक्टर बैजू उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी जिसके आलोक में उक्त रास्ते पर छापेमारी दल का गठन कर छापेमारी किया गया। सबसे अधिक का वंश पशुओं को गौ तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया है। वहीं जब्त किये हुए सभी 100 से अधिक गोवंश पशुओं को चैनपुर थाना परिसर में रखा गया है। पुलिस द्वारा जब्त किए गए गाय बैल की सूचना ग्रामीणों को मिलते ही ग्रामीण आधार कार्ड लेकर थाना पहुंच रहे हैं और जब्त पशुओं की मांग कर रहे हैं। गौरतलब है कि जब भी पुलिस द्वारा तस्करी के लिए ले जा रहे गोवंशों को जब्त किया गया है उन पशुओं को गरीब किसानों के बीच पुलिस द्वारा वितरण किया गया है। वही करती कार्रवाई पूरी करने के बाद ग्रामीणों के समक्ष जिम्मा नामा लेकर जब्त पशुओं को सौंप दिया जायेगा।

## जिप सदस्य ने ग्रामीणों की समस्या सुनी



**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के अति दुर्गम जीरमी गांव के ग्रामीण पिछले कई वर्षों से वनाधिकार पट्टा की मांग को लेकर संघर्षरत है। वही शुक्रवार को ग्रामीणों की समस्या के समाधान को लेकर जिप सदस्य मेरी लकड़ा गांव पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना। वही जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने ग्रामीणों को उनका अधिकार दिलाने के लिए उनके साथ कई किलोमीटर तक जंगलों एक नदी पार कर पैदल चल उक्त जमीन मुआवना करने पहुंची। ग्रामीण तोहन मलार, बलेस लोहरा, बाबूलाल अहीर, सहनू मलार, सुगंती लकड़ा, विष्णु लोहरा, राजेंद्र घंसी, श्रवण लोहरा सहित कई ग्रामीणों ने बताया की उनका वनाअदिकार पट्टा संबंधित मामला है जिसकी सभी दस्तावेज पूर्व मे ही संबंधित विभाग को जमा कर दी गयी है ग्रामीणों का दावा है कि उक्त जमीन मे उनके तीन पुरखों से खेती बड़ी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि जमीन पर उन्हीं का अधिकार होनी चाहिए। जिसपर जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने इसकी स्थानीय जांच के लिए संबंधित राजस्व कर्मचारी परमेश्वर साहू को तत्काल स्पोट पर बुला कर इसकी जांच करने का निर्देश देते हुए कहा कि इस पर जल्द जांच कर संबंधित ग्रामीणों की समस्या का समाधान किया जाय। और इस पर संबंधित विभाग से भी अनुरोध किया है कि इसका निपटारा जल्द कर ग्रामीणों को वनादिकार पट्टा दिया जाय। जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने ग्रामीणों को उचित न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है।

### बंधु तिर्की ने केंद्र सरकार पर लगाया भ्रष्टाचार में डूबे रहने का आरोप

## आयुष्मान से भारत माला, द्वारिका एक्सप्रेस वे आदि कह रहे हैं भ्रष्टाचार की कहानी: बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य, पुर्व मंत्री एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने शुक्रवार को गुमला परिसदन में पत्रकारों से वार्ता की। उन्होने कहा कि पूरे देश में काफी जोर - शोर से जिस महत्वाकांक्षी आयुष्मान योजना को मोदी सरकार ने शुरू किया था वह योजना आज भ्रष्टाचार के सभी कीर्तिमान को तोड़ते हुए भ्रष्टाचार के नए रिकॉर्ड बना रही है । भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री तिर्की ने कहा कि , केवल एक मोबाइल नंबर से साढ़े सात लाख लाभार्थियों के जुड़े होने का मामला किसी निजी संस्थान या अखबार ने नहीं बल्कि भारत के सीएजी ने उजागर किया है। श्री तिर्की ने आगे कहा कि किसी भी मुद्दे पर सीएजी की रिपोर्ट को उठाकर हाय - तौबा मचानेवाली मीडिया, आज शांत क्यों है? उन्होंने कहा कि इसके पीछे अनेक सवाल है और इसका जवाब भी सभी लोग जानते हैं। सभी को यह पता है भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे लोगों को शीर्ष नेतृत्व का संरक्षण मिल रहा है। श्री तिर्की ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना में उपचार के दौरान 88,760 लोगों की मौत हो गई परन्तु उनकी मृत्यु के बाद भी 2 लाख 14 हजार 923 दावों का भुगतान किया गया। इसके अलावा केवल सात आधार नंबर पर 4761 रजिस्ट्रेशन होना भी आश्चर्यजनक है। लेकिन भ्रष्टाचारियों ने हर एक रिकॉर्ड को तोड़ते हुए 1 लाख 86 हजार नंबरों से 1 करोड़ 24 लाख फर्जी लाभार्थियों को जोड़ दिया। उन्हों ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के मामले में सीएजी द्वारा जारी इस प्रतिवेदन को पढ़ने के बाद भ्रष्टाचार की कहानी बताने के लिये किसी रॉकेट साइंस की जरूरत नहीं है।

### 16वीं पुण्य स्मृति दिवस पर विशेष अयोजन

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के घाटों बगीचा स्थित शाखा में संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि जी की 16वीं पुण्य स्मृति दिवस मनायी गयी। इस दिवस पर दादी जी की स्मृतियों को ताजा करते हुए स्थानीय संचालिका ब्रह्माकुमारी शांति दीदी ने कहा कि प्रकाश की दैदीप्यमणि 'दादी प्रकाशमणि' आध्यात्मिक ज्ञान, गुणों एवं शक्तियों से विभूषित दादी प्रकाशमणि जी ऐसी सशक्त महिला का नाम है, जिन्होंने महिलाओं को शक्ति स्वरूपा बनने का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया एवं उनकी छिपी हुई शक्तियों को जागृत किया। दादी जी ने विश्व के 130 देशों के लाखों भाई-बहनों को रूहानी सेवा में शामिल किया। उन्होंने अपनी अनुपम आध्यात्मिक दक्षता से समाज में जीवन मूल्यों की स्थापना की आधारशिला रखी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विशाल आध्यात्मिक संगठन का सफल नेतृत्व करते हुए दादी प्रकाशमणि जी ने अपने जीवनकाल में विश्व कल्याण का परचम फहराया। ऐसी महान विभूति का जन्म दीपावली के शुभ दिन पर सन1922 में अविभाजित भारत के सिंध प्रांत के हैदराबाद शहर में हुआ था। दादी जी बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि थी। उनका इस संस्था में एक स्नेहमयी, लगनशील, आज्ञाकारी कुमारी के रूप में पदार्पण हुआ। उस समय इस संस्था को 'ओम मंडली' के नाम से जाना जाता था। उन्होंने 14 वर्ष की अल्पायु में ही अपना जीवन मानव कल्याण हेतु प्रभु अर्पण कर दिया। आप परमात्म शिक्षा से प्रेरित होकर अपने जीवन में पवित्रता, शांति, प्रेम, सरलता, दिव्यता, नम्रता, निरहंकारिता जैसे विशेष गुणों को अपनाकर आध्यात्मिक प्रकाश को फैलाने और मानव को महान बनाने के कार्य में सफल रहीं। सन 1969 में प्रजापिता ब्रह्मा ने आध्यात्म की मशाल दादी जी को सौंप दी और स्वयं सम्पूर्ण बन गए। पिताश्री जी के अव्यक्त होने के पश्चातदादी जी ने सम्पूर्ण मानवता की सेवा करते हुए एक विशाल आध्यात्मिक संगठन को साथ लेकर विश्व सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया।

### अस्पताल प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन

## जर्जर अस्पतालों को जल्द किया जायेगा दुरुस्त : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** अस्पताल प्रबंधन समिति की समीक्षात्मक बैठक घाघरा बीडीओ कार्यालय में शुक्रवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिनेश कुमार ने कहा कि अस्पताल के लिये जरूरी इक्विपमेंट की सूची बनाएं। आवश्यकता के अनुसार इसकी खरीदारी कर अस्पताल को दुरुस्त करने की पहल करें। अन्य मुद्दों पर उपायुक्त महोदय को पत्राचार किया जायेगा और दुरुस्त करने का मार्गदर्शन मांगा जाएगा। ताकि प्रखंड वासियों को इलाज में किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। बैठक में प्रखंड क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में हुए जर्जर भवन की मरम्मती, एंबुलेंस के ईंधन के लिए फंड की व्यवस्था, , सुदूरवर्ती क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को एक सप्ताह पूर्व अस्पताल में एडमिट करने सहित 0 से 5 वर्ष के बच्चों को मिशन इंद्रधनुष के तहत 98% लक्ष्य प्राप्ति कर ली गयी है जिसकी जानकारी दी गयी।

### ऑक्सीजन प्लांट को प्रारंभ नहीं कर पा रहे हैं इंजीनियर

बैठक में ऑक्सीजन प्लांट का मुद्दा गरमाया रहा। घाघरा सीएचसी के परिसर में ऑक्सीजन प्लांट लगाया जा चुका है, बावजूद अभी तक उस प्लांट की उपयोगिता नगण्य है। प्रखंड चिकित्सा प्रभारी एके एक्का ने कहा कि घाघरा वासियों के लिए एक वरदान साबित होने वाले ऑक्सीजन प्लांट को इंजीनियर प्रारंभ नहीं कर पा रहें हैं। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष सितंबर 2022 में प्लांट को प्रारंभ करने और कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने का काम किया गया था।

## झानद ने राज्य को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए मुख्यमंत्री को भेजा मांग-पत्र

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय सदस्य सह अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के गुमला जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए गुमला सहित झारखंड को अविलंब सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए गुमला उपायुक्त के माध्यम से झारखंड के मुख्यमंत्री को मांग-पत्र भेजा है। मांग-पत्र में किसान नेता ने कहा है कि अल्पवृष्टि के कारण पानी मशीन चलाकर धान की रोपनी तो कुछ जमीन पर किसानों ने किया है लेकिन, पानी के अभाव में धान खेत में ही सूख रहा है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री व गुमला उपायुक्त को दिए गए मांग-पत्र में कहा है कि गुमला जिला में सिंचाई का साधन बनाने के नाम पर चेकडैम माइक्रो लिफ्ट इरीगेशन जैसे योजनाओं में भ्रष्टाचार के कारण किसानों के खेत सूखे हैं । योजनाओं में मची लूट की उच्च स्तरीय जांच कराकर ठोस कार्रवाई की भी मांग की है। श्री सिंह ने मुख्यमंत्री को भेजे गए मांग-पत्र में यह भी कहा है कि सुखाड़ की स्थिति का राज्यभर में आकलन कराते हुए अविलंब गुमला सहित झारखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग की है।

# संकल्प यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा ने की वृहद बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह प्रदेश भाजपा के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी आगामी 19-20 सितंबर को गुमला में अयोजित संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के माध्यम से बाबूलाल मरांडी बिशुनपुर, गुमला, सिसई विधानसभा के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं, मतदाताओं को संबोधित करेंगे। संकल्प यात्रा को एकजुट और उत्साहित होकर ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा गुमला जिला की बैठक जिला अध्यक्ष अनूपचंद अधिकारी की अध्यक्षता में स्थानीय पर्यटन भवन में आयोजित की गयी। जिसमें प्रदेश स्तरीय नेता, सभी मोर्चा के अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से जिला प्रभारी बबन गुप्ता, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ दिनेश उराव, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक कमलेश उराव, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, कार्यक्रम के संयोजक विनय लाल, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू,जिला परिषद की अध्यक्ष किरण बाड़ा की उपस्थिति में पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सामुहिक वंदे मातरम गान के साथ बैठक का शुभारंभ किया गया। जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने सर्वप्रथम चंद्रयान की सफलता के लिए कार्यकताओं को बधाई दी,उन्होंने कहा बाबूलाल जी का संकल्प यात्रा झारखंड वासियों के लिए बदलाव का संकेत है,राज्य की खुशहाली शांति और विकास के लिए भ्रष्टाचार परिवारवाद और तुष्टिकरण समाप्त कर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनानी है जो पूरे देश की मांग है बाबूलाल जी का संकल्प यात्रा जिले में कार्यकर्ताओं का नया जोश उत्साह देगी, जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को भाग लेना है। बैठक को पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह ने सभी मंडल अध्यक्ष मोर्चा अध्यक्षों से बात कर सांगठनिक ढांचा मजबूत करने का आवश्यक सुझाव दिया,उन्होंने कहा आप सभी नेतृत्वकर्ता हैं भाजपा जीवंत संगठन है जिसमें कार्यकर्ता स्वयं के प्रेरणा से पार्टी व समाज के लिए कार्य करते हैं। बैठक को डॉक्टर दिनेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव,जिला संगठन प्रभारी बबन गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी विनय लाल आदि ने संबोधित कर संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिये। इस अवसर पर पार्टी का वरिष्ठ नेता भूपन साहू, भिखारी भगत, पूर्व 20 सूत्री उपाध्यक्ष हीरा साहू, सुबोध लाल, विजय मिश्रा, सविंदर सिंह, विनोद कुमार, गायत्री देवी,मंगल सिंह भोक्ता, प्रदीप प्रसाद, अशोक उरांव, विपिन बिहारी सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, सूरज देव सिंह, सागर उरांव,जगनारायण सिंह, सुरेश सिंह, नारायण महतो, मनोहर बड़ाइक, यशवंत कुमार सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, सुजीत नंदा, दिनेश्वर प्रसाद, मनोज तिवारी, श्रवण साहू, श्याम साहू, सुमित कुमार महली, लक्ष्मी नारायण यादव, सतीश मिर्धा, रविंद्र साहू, दिलबंधु मांझी, गायत्री देवी, शम्भु सिंह, अमरमणि उरांव, सावित्री मेहता, रामेश्वरी उरांव, अनिल गुप्ता, संतोष पांडा, निसार खान, योगेंद्र सिंह, प्रवीण उरांव, जगत ठाकुर, छोटेलाल उरांव रामअवतार भगत, हरिनारायण महतो, अरविन्द मिश्रा, सुरेंद्र कुमार मांझी, केदार साहू,गोपाल गोप, कंचन सिंह, बालकेश्वर सिंह, अजीत कुमार, दिनेश सिंह, दिनेश चौधरी, रविशंकर सिंह, मनोहर राय, हरि सिंह, सोनामणि उरांव, गौरीकिंडो आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## घाघरा में इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी



**घाघरा।** थाना क्षेत्र के घाघरा देवी मंडप रोड के समीप से चोरों ने इलेक्ट्रिक स्कूटी की चोरी कर निकले थे। घटना गुरुवार की देर रात की है। इधर घाघरा पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए स्कूटी बरामद कर लिया है। साथ ही चोरों को पड़कर थाना ले आई। प्राप्त जानकारी के अनुसार घाघरा निवासी जुगल प्रसाद अपने रिश्तेदार के घर के बाहर इलेक्ट्रिक स्कूटी को खड़ा कर घर के अंदर चला गया था। थोड़ी देर में जब बाहर आकर देखा तो स्कूटी गायब थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस रात में ही आसपास में स्कूटी को ढूंढने लगे, बावजूद कुछ पता नहीं चला। वहीं गुप्त सूचना के आधार पर आरंगी गांव स्थित मॉडल डिग्री कॉलेज के पास पहुंचे। आरोपी बलातुपाठ निवासी शंकर उरांव ढकेल कर स्कूटी ले जा रहा था। स्कूटी और चोर को कब्जे में लेकर थाना ले आई। छापेमारी के क्रम में घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी, एसआई अभिषेक कुमार, जयश्री मिंज सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

